अजमेर जिले में जमकर बरसे बादल, कई कॉलोनियां जलमग्न, रास्ते अवरुद्ध

सोमलपुर में पानी में निजी स्कूल की बस फंसी, एक परिवार को नगर निगम टीम ने रेस्क्यू किया

अजमेर, (कासं)। प्रदेश में फिर सक्रिय हुए मानसून से अजमेर शहर सहित जिलेभर में रविवार देर रात व सोमवार सुबह जमकर बरसी बारिश ने शहर की सड़कें व कॉलोनियों को जलमग्न कर दिया। आसमान में छाए घने काले बादलों से लोगों को गर्मी से राहत मिली तो मिली, तेज बरसात के चलते शहर में जलजमाव देखा गया। सोमलपुर में बरसाती पानी में बच्चों से भरी प्राइवेट स्कूल बस फंस गई, स्थानीय नागरिकों ने बस फंसे बच्चों को निकाल कर सुरक्षित जगह पहुंचाया। दौराई अंडरब्रिज में पानी भरने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया हुआ है। आगामी दो-तीनों दिनों में भारी बरसात की चेतावनी जारी की है। जेएलएन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल मार्ग पर तीन से चार फीट पानी भर गया है। इसी तरह कमला नेहरू अस्पताल में भी पानी भरने से अस्पताल आने वाले मरीज और परिजन को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। बजरंगगढ़ से अस्पताल जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया, गंभीर रोगियों को आगरा गेट होते हुए अस्पताल पहुंचना पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रैक्टर की मदद से बस को खींचकर बाहर निकाला।

- **जेएलएन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल मार्ग पर तीन से चार फीट पानी भर गया, कमला नेहरू अस्पताल में भी पानी भरने से अस्पताल आने वाले मरीज और परिजन परेशान हुये**

जानकारी के अनुसार सोमवार अलसुबह से हुई तेज बरसात की वजह से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त नजर आया। शहर की प्रमुख सड़कें व कॉलोनियां दरिया बन गई। पानी के तेज बाहव की वजह से कई वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रमुख रूप से मेयो लिंक तेज बरसात के चलते रामगंज थाना क्षेत्र के चंदवरदाई नगर के सोमलपुर गांव में तेज बहाव के पानी बच्चों को स्कूल लेकर जा रही एक प्राइवेट स्कूल की बस पानी के बीच फंस गई। स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रेक्टर की मदद से बस को खींच कर बाहर निकाला और बच्चों को बस से बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। तेज बरसात के चलते दौराई स्थित सूर्य नगर की गली में पानी भरने से घरों में करीब दो से ढाई फीट पानी भर गया। सूचना मिलने पर नगर निगम द्वारा रेस्क्यू टीम भेजकर जेसीबी की सहायता से एक परिवार को रेस्क्यू कर बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थान पहुंचाया।

आनासागर झील का जलस्तर अभी भी 10 से 11 फीट पर बनाए रखा हुआ है। मौसम विभाग द्वारा जारी भारी वर्षा की चेतावनी के बाद शहर में लगातार हो रही मानसून की बारिश को देखते हुए झील से पानी की निकासी लगातार जारी रखी जा रही है। रविवार रात आठ से सोमवार सुबह 8 बजे तक करीब 39 एमएम बरसात और बीते 24 घंटों में 41 एमएम बरसात दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी तेज बरसात की चेतावनी जारी की गई है, अजमेर में अब तक कुल 849 एमएम बरसात रिकॉर्ड की गई है।

मेयो लिंक रोड पर दो से ढाई फीट पानी भरने से हालात बद से बदत्तर हो गए। जिला प्रशासन ने हादसे की संभावना को देखते हुए तत्काल कदम उठाए और मार्ग को बंद कर दिया। वहीं शहर में लगातार हो रही तेज बारिश से वरुण सागर की तीसरी बार चादर चली। वरुण सागर का पानी बाडी नदी से होता हुआ तेज गति आनासागर झील में पहुंचा, जिस वजह से आनासागर का जल स्तर एकाएक 11 फीट पहुंच गया। बाड़ी नदी में पानी के तेज बाहव की वजह से गीता कॉलोनी, गोटा कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनियों में पानी भर गया।

दो महिलाओं पर घर की छत गिरी, एक मौत

बीकानेर, (निसं)। दंतौर क्षेत्र में कच्चे मकान की छत गिरने से दो महिलाएं नीचे दब गई। हादसे में एक की मौत हो गई। वहीं दूसरी महिला घायल है। दो दिन पहले ही 10 साल के बच्चे की भी इसी तरह कच्चे मकान की छत गिरने से मौत हो गई थी।

जानकारी के अनुसार दंतौर थाना क्षेत्र में स्थित 20 केएलडी में आशाराम बावरी के घर की छत गिर गई। खेत में बने इस घर की कच्ची छत थी। रविवार को तेज बारिश के बाद सोमवार सुबह अचानक ये छत गिर गई। कमरे में दो महिलाएं प्रियंका और आइना बैठी थी। अचानक छत गिरने से ये दोनों मलबे के नीचे दब गई। आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे, तब तक प्रियंका गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। आइना को भी चोटें आईं। दोनों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जिसमें प्रियंका की मौत हो गई, जबकि आइना का इलाज अभी चल रहा है। सूचना मिलते ही दंतोर पुलिस मौके पर पहुंची। घासफूस और लकड़ी से बनी ये छत तेज बरसात के कारण कमजोर हो गई थी। इसके बाद भी ये लोग यहां रह रहे थे। अचानक भरभराकर गिरी छत की लकड़ी से प्रियंका के चोट लगी थी।

COLLEGE OF AGRICULTURE
[S.K. Rajasthan Agricultural University], Tel. 2970282,2970283 (O)0151-2251256®
FAX : 0151-2970282, Web: agricolbikaner.org, coaraubikaner@gmail.com

क्रमांक :- प.35/कृ.महा./स्थापना/2025/1050 दिनांक :- 30/08/2025

संशोधित सूचना/आवश्यकता

कृषि महाविद्यालय, बीकानेर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कृषि पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को अकादमिक सत्र 2025.26 के प्रथम सेमेस्टर हेतु कृषि अर्थशास्त्र (Agricultural Economics) विभाग में (एक), शस्य विज्ञान (Agronomy) विभाग में (एक), उद्यानिकी (Horticulture/Vegetable Science/Fruit Science) विभाग में (एक), कृषि सांख्यिकी (Agricultural Statistics) में (एक), जैव रसायन/जैव प्रौद्योगिकी (Biochemistry/Biotechnology) विभाग में (एक), (Computer Science) में (एक), गणित (Math's) में (एक), आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन (Genetics & Plant Breeding) विभाग में (दो), तथा शारीरिक शिक्षा (Physical Education) में (एक), शिक्षण हेतु अतिथि संकाय के रूप में योग्य शिक्षकों की अंशकालीन आवश्यकता है। इच्छुक योग्यताधारी अभ्यर्थी (संबंधित विषय में स्नातकोत्तर के साथ नेट अथवा विद्या वाचस्पति उपाधि प्राप्त) या सेवानिवृत्त महाविद्यालय शिक्षक/वैज्ञानिक (70 वर्ष से कम आयु) अपने प्रार्थना पत्र, मय शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र व बॉयोडाटा के साथ दिनांक 06.09.2025 को प्रातः 10:30 बजे अधिष्ठाता कार्यालय, कृषि महाविद्यालय, बीकानेर में साक्षात्कार हेतु व्यक्तिशः उपस्थित होवें। साक्षात्कार उपरान्त चयनित अतिथि संकाय शिक्षकों को मानदेय स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के नियमानुसार देय होगा। चयन प्रक्रिया संबंधी समस्त अधिकार महाविद्यालय की चयन समिति के पास सुरक्षित रहेंगे। विस्तृत जानकारी के लिए विश्वविद्यालय वेबसाईट www.raubikaner.org देखें।

अधिष्ठाता
कृषि महाविद्यालय, बीकानेर
राज.संवाद/सी/25/9201

कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा (राज.)
E-Mail Id:- np.sangod05@gmail.com Phone No.:-07450-294239

क्रमांकः—न0पा0सा0/2025/2242 दिनांकः—29.08.2025

ई-निविदा-सूचना

इस कार्यालय की निविदा सूचना संख्या 2241 दिनांक 29.08.2025 के द्वारा कुल 1 कार्य की अनुमानित लागत 11.04 लाख की विभिन्न अभियांत्रिकी विभागो से संबंधित "A", "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से ई—निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई—निविदा से संबंधित समस्त विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

Work No.	UBN No.
1	DLB2526WSOB16217

प्रशासक
नगरपालिका सांगोद
राज.संवाद/सी/25/9159

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सांगोद

थानागाजी में भारी बारिश, घरों व दुकानों में पानी भरा

अलवर, (निसं)। अलवर के थानागाजी कस्बे में रविवार रात तेज बारिश से जयपुर रोड पर कई घर और दुकानों में दो फीट तक पानी भर गया। दुकान और घरों में अनाज, पशुओं का चारा और अन्य सामग्री पानी में भीगने से खराब हो गई। गुस्साए लोगों ने नगर पालिका के गेट पर धरना दिया। अधिकारी व कर्मचारियों को ऑफिस में नहीं जाने दिया। इसके बाद एसडीएम पिंकी गुर्जर मौके पर पहुंची।

बरसात से दुकानदारों और आमजन को भारी नुकसान हुआ है। नाला अवरुद्ध होने के कारण पानी आगे नहीं निकला और दुकानों के अंदर भर गया। ट्रैक्टर व कंप्रेशर लगाकर सोमवार सुबह बेसमेंट के पानी को निकाला गया। वहीं लगातार बारिश से खेतों में भी पानी भर गया। बाजरे की फसल गिर गईं और प्याज के खेतों में गलाव की आशंका बढ़ गई है। वार्ड नंबर 15 निवासी विजय शर्मा के घर में पानी भरने से घरेलू मोटर खराब हो गई। मोटर पार्ट्स व्यवसायी गौरव शर्मा ने बताया कि उनकी दुकान में पानी घुसने से करीब 15 से 20 लाख रुपए का सामान खराब हो गया है। ढाणीवासियों ने नगर पालिका पर लापरवाही जताते हुए नाराजगी जताई। मौके पर पहुंचे कार्मिकों से तुरंत पानी निकासी की मांग की। पालिका कर्मचारियों ने ट्रैक्टर में मोटर लगाकर पानी निकालने का काम शुरू किया। गुस्साए दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने नगरपालिका पार्षद मोहनलाल के नेतृत्व में नगरपालिका गेट पर धरना दे दिया एवं कर्मचारियों को अंदर नहीं घुसने दिया, जिसकी सूचना पर करीब 11 बजे एसडीएम पिंकी गुर्जर एवं तहसीलदार मोहित पंचोली मौके पर पहुंचे। पार्षद मोहनलाल ने आरोप लगाया कि नगरपालिका केवल फर्जी बिल पास करवाने में लगी हुई है, कर्मचारी मौके पर समय रहते कार्य नहीं करते हैं।

वहीं एसडीएम एवं तहसीलदार ने नाले के अवरुद्ध को हटाकर व अतिक्रमण हटाकर स्थाई समाधान करवाने का आश्वासन दिया है। मामले में तहसीलदार मोहित पंचोली का कहना है कि हमने एहतियात के तौर पर दो दिन पहले भी मौके से पानी निकलवाया था। अब ट्रैक्टरों की मदद से पानी को बाहर निकलवा रहे हैं। नाले पर अतिक्रमण के कारण पानी रुका है। आगे नाला चौड़ा कराने का काम होगा।

थानागाजी कस्बे में तेज बारिश से कई दुकानों में दो फीट तक पानी भर गया।

THE RAJASTHAN SMALL INDUSTRIES CORPORATION LTD.
A Govt. of Rajasthan Undertaking, CIN:- U91110RJ1961SGC001118

CORRIGENDUM
NIB Number : 13/2025-26 (UBN : RSI2526SLOB00013)

Bids are invited for the Procurement of Services of Strategic Business Promoter to Equip, Operate, Manage & Transfer Business Services at ICD, Bhilwara from the eligible and experienced bidders.

As per suggestions received in Pre-Bid meeting held on 30.07.2025, some clarifications have been amended in bid document. Therefore, the bid submission date has been extended till 5.00 PM on 15.09.2025.

The Bid will be opened on 16.09.2025 at 11:00am.

Other particulars of the bid may be viewed on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state and the official website of RSIC i.e. https://www.industries.rajasthan.gov.in/rsicl.

The approximate value of the procurement is INR Rs. 3.50 Crores.

Raj.Samwad/C/25/9207 Managing Director

OFFICE OF THE MUNICIPAL BOARD SAYLA (JALORE)
No.- 361 Date- 29-08-2025

-:: Notice Inviting Bid- 02/2025-26 ::-

Bid for Rate Contract of Un-Skilled Manpower Supply work under Municipal Board Sayla are invited from interested bidders upto 10.09.2025 (Date) 06.00 PM. (Time) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://proc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and notice board of this office. The approximate value of the procurement is Rs. 40.00 Lakhs.

UBN- DLB2526A5289
Raj.Samwad/C/25/9161 Executive Officer

झुंझुनूं जिले में जमकर बरसात, उदयपुरवाटी का कोट बांध ओवरफ्लो

झुंझुनूं, (निसं)। जिले में बीते 24 घंटे में जमकर बारिश हुई है। खासकर उदयपुरवाटी में हुई अच्छी बारिश के बाद कोट बांध फुल हो गया है और बांध से पूरी स्पीड से पानी बह रहा है। उदयपुरवाटी के छोटे-छोटे नदी नाले भी पानी के भराव के कारण उफान पर हैं, जहां पर बच्चे अटखेलियां करते नजर आए।

बीते 24 घंटे में उदयपुरवाटी में 55 एमएम, यानि कि 2.16 इंच पानी बरसा। झुंझुनूं जिले में 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश बिसाऊ में दर्ज की गई है। यहां पर 4.72 इंज पानी बरसा। कल सुबह आठ बजे से आज सुबह आठ बजे तक हुई बारिश में बिसाऊ में 120एमएम, बुहाना में 101 एमएम, मलसीसर में 98, झुंझुनूं में 70, पिलानी में 60, उदयपुरवाटी में 55, चिड़ावा में 38, मंडावा में 32, खेतड़ी में 30, सूरजगढ़ में 26, गुढ़ा में 24 व नवलगढ़ में 20 एमएम बारिश दर्ज की गई है। बारिश के कारण पूरे जिले का मौसम सुहाना हो गया है। हालांकि झुंझुनूं के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं मौसम विभाग के अलर्ट के बाद शनिवार देर रात को ही जिला कलेक्टर ने सोमवार को सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों के लिए अवकाश घोषित कर दिया था। इधर, कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों कई निचले इलाकों में जलभराव की समस्या भी सामने आई है।

उदयपुरवाटी में हुई अच्छी बारिश के बाद बांधों पर चादर चलने लग गई।

तहसीलदार रजनी यादव ने कोट बांध एरिया का लिया जायजा:- क्षेत्र के झमाझम बारिश के बाद कोट बांध में पानी की चादर चल गई है। वहीं नदी नालों में भी पानी की आवक बढ़ जाने के कारण पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो गया है। बढ़ती हुई पर्यटकों की संख्या को देखते हुए प्रशासन और पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गया है। सोमवार को उदयपुरवाटी तहसीलदार रजनी यादव कोट बांध इलाके में पहुंची और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौजूद पर्यटकों से भी बातचीत कर उन्हें फिसलन और बहाव क्षेत्र में ना जाने की अपील की। तहसीलदार रजनी यादव ने बताया कि गत दिनों भी सेल्फी लेते हुए दो जनों की मौत हो गई थी। ऐसे हादसे ना हो। इसके लिए प्रशासन लगातार समझाइश और अपील के कार्य कर रहा है। साथ ही माकूल प्रबंध भी किए जा रहे हैं। फिर भी लोग छुपते-छुपाते फिसलन और बहाव क्षेत्र में उतर जाते हैं। जिससे हादसे होने की संभावना होती है।

राजस्थान-सरकार
कार्यालय, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय, प्रतापगढ़ (राजस्थान)
क्रमांकः-पीएमओ / आरएमआरएस /निविदा/2025/ राजकाज नम्बर दिनांकः- हस्ताक्षर तिथि

निविदा सूचना

S. No.	UBN NO.	Amount (In Lakh)	S. No.	UBN NO.	Amount (In Lakh)
1	MHS2526GLOB03633	15.00	7	MHS2526SSOB03635	06.00
2	MHS2526GLOB03632	18.00	8	MHS2526WSOB03647	12.00
3	MHS2526GLOB03634	12.00	9	MHS2526WSOB03644	25.00
4	MHS2526GLOB03631	18.00	10	MHS2526WSOB03646	11.00
5	MHS2526GLOB03643	18.00	11	MHS2526SSOB03645	05.13
6	MHS2526SLOB03637	88.74	12	MHS2526WSOB03648	10.13
13	MHS2526WSOB03636	12.00			

जिला चिकित्सालय, प्रतापगढ़ में विभिन्न प्रकार के माल, संकर्म तथा सेवाएं के लिये खूली-निविदा आमंत्रित की गई है, अंकित कर प्राप्त किया जा सकता है। जिसका विस्तृत विवरण एवं शर्तो की जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in/http://eproc.rajasthan.gov.in वेब साईड से अवलोकन डाउनलॉड निम्नांकित यूबीएन नम्बर

(डॉ0 धीरज सेन)
सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, जिला चिकित्सालय, प्रतापगढ़
DIPR/C/12525/2025

Municipal Board Of Bagru (Jaipur)
क्रमांकः— न.पा.ब./2025—26/502 दिनांक :— 29.08.2025

:: E- Notice Inviting Bid ::

Bid for Municipal Board Of Bagru For Works (01) Date 29.08.2025 invited form interested bidders Date 14.09.2025 Upto 6:00 AM Other particulars of the bid may be invited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in of the state.

UBN CODE :- DLB2526WSOB16209
Raj.Samwad/C/25/9156 Executive officer Nagar palika Bagru

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com,
Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749
क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/राजकाज 17447149 दिनांक :- 29/08/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 29/2025-26

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से कार्य अनुमानित लागत राशि 492.71 लाख की ई—निविदा दिनांक 15.09.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है। UBN No. :- AJD2526WSOB00116 - 24, AJD2526SLOB00125

अधिशाषी अभियन्ता
अजमेर विकास प्राधिकरण
राज.संवाद/सी/25/9197

कार्यालय नगर परिषद बारां
nagarpalikabaran@gmail.com स्टेशन रोड़, बारां (राज0) Phone : 07453-230106
क्रमांक :— नपबा/स्टोर षाखा/2025/4590—91 दिनांक :— 29.08.2025

निविदा सूचना संख्या : 13/2025—26

नगर परिषद बारां द्वारा वित्तीय वर्ष 2025—26 हेतु नगर परिषद बारां कार्यालय में कम्पयूटर ओपरेटर उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। संवेदक निविदा प्रपत्र व विवरण पोर्टल www.sppp.raj.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखे। कार्यो की लागत 30.00 लाख रूपये है तथा UBN NO. निम्नानुसार है। :—

1. DLB2526SLOB16124

आयुक्त
नगर परिषद बारां
राज.संवाद/सी/25/9167

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन राज.
E-mail – npparbatsar@gmail.com Phone No. 01589-270141
क्रमांक—न.पा.प/स्टोर शाखा/2025—26/1626 दिनांकः— 30.08.2025

निविदा सूचना

नगरपालिका परबतसर के द्वारा नियमानुसार बोनाफाइड/अधिकृत ईच्छुक एवं अनुभवी संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 09.09.2025 को 10:00 बजे से है तथा शेष विवरण व निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB UBN NO : DLB2526A5318
UBN NO : DLB2526SSOB16297
राज.संवाद/सी/25/9146 अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका परबतसर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड वल्लभनगर
क्रमांक-712 **निविदा संशोधन सूचना-6** दिनांक :- 21/8/25
इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 03/2025-28 के क्रमांकः- 399 दिनांक 12.06.2025 द्वारा जारी की गयी थी जिसमें निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

	पूर्व में प्रकाशित	संशोधित
1	ऑनलाईन निविदा मिलने की दिनांक 18.06.2025 से 21.08.2025 सांय 6:00 बजे तक	ऑनलाईन निविदा मिलने की दिनांक 03.09.2025 सांय 6:00 बजे तक की जाती है।
2	ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक 22.08.2025 सांयः 4.00 बजे	ऑनलाईन निविदा खोलने की दिनांक 04.09.2025 सांय 4:00 बजे की जाती है।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

(अंचल मुप्ता)
अधिशानी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड वल्लभनगर
DIPR/C/12353/2025

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION DHOLPUR
File No. 1615-27 Date 21.08.2025

Notice Inviting Bid

NIB Code PWD2526A2803 UBN No. PWD2526WSOB10420, UBN No. PWD2526WSOB10424, UBN No. PWD2526WSOB10426

Bids For NIT No. 06/2025-26 Misc. Work of PWD Division Dholpur of subject matter(s) of Procurement are Invited from interested bidders date 27.08.2025 11.00 AM to Date 10.09.2025 upto 6.00 PM. Other particulars of the id may be on the procurement portel (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppps.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 57.00 Lacs visited

(Naresh Chand Meena)
Executive Engineer
PWD Division Dholpur
DIPR/C/12394/2025

डूंगरपुर में मोरन नदी में डूबे दो युवक

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के सागवाड़ा थाना क्षेत्र के खड़गदा गांव में मोरन नदी में दो युवक डूब गए। इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने नदी में रस्सी डालकर कड़ी मशक्कत के बाद दोनों युवकों को बचाया। सागवाड़ा थाना क्षेत्र के खड़गदा गांव में यह घटना हुई।

- **ग्रामीणों ने रस्सी की मदद से दोनों युवकों को नदी से बाहर निकालकर जान बचाई**

खड़गदा निवासी सतीश भट्ट ने बताया कि उनके गांव में किसी व्यक्ति की मौत हो गई थी, जिसके अंतिम संस्कार के लिए गांव के लोग खड़गदा गांव से गुजर रही मोरन नदी पर स्थित श्मशान घाट पहुंचे थे, जहां अंतिम संस्कार के बाद लोग नदी पर नहा रहे थे। इस दौरान गांव के दो युवक नदी में नहा रहे थे। अचानक नदी के तेज बहाव में दोनों युवक बह गए। युवकों के चिल्लाने पर ग्रामीणों ने युवकों को बचाने के लिए रस्सी फेंकी। वहीं कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने रस्सी की मदद से दोनों युवकों को नदी से बाहर निकालकर उनकी जान बचाई।

कहर बनकर बरसी बारिश, गरीब लोगों के कच्चे घर ढहे

भीलवाड़ा, (निसं)। जिले के शाहपुरा क्षेत्र की बिलिया ग्राम पंचायत के देवरी गांव में सोमवार अलसुबह चार बजे शुरू हुई मूसलाधार बारिश भील मोहल्ले में निवासरत गरीब तबके के लोगों पर कहर बन के बरसी। लगातार जारी बारिश के कारण गरीबों के कच्चे व केलूपोश मकान भरभराकर ढह गए। सुबह से जारी बारिश के चलते देवरी में एक के बाद एक पांच कच्चे मकान धराशाही हो गए। गनीमत रही कि रात को सोते समय मकान धराशाही नहीं हुए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बारिश से ग्रामीणों के आशियानों को काफी नुकसान झेलना पड़ा। गांव में कई कच्चे मकान ऐसे थे, जिनमें रहने वाले लोगों के पास अन्य कोई व्यवस्था नहीं है। एक ही गांव में पांच कच्चे मकान गिरने की शिकायत पर नायब तहसीलदार रामप्रसाद, गिरदावर रायमल रेबारी व ग्राम विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे। गिरदावर रायमल रेबारी ने बताया कि रात को हुई मूसलाधार बारिश से बिलिया ग्राम पंचायत के देवरी गांव के पांच ग्रामीण सोहन पुत्र उदा भील, मोती पुत्र मूला भील, घीसू पुत्र जुवारा भील, रतन पुत्र छोटू भील, अमरा पुत्र छोटू भील के मकान धराशाही हो गए हैं। वहीं प्रहलाद पुत्र मोहन, रतन पुत्र नारु, रतन पुत्र छोटू के कच्चे मकानों की स्थित जर्जर होने के कारण उनको पाबंद किया गया तथा स्थानीय विद्यालय का कमरा खुलवाकर उनके रहने के लिए व्यवस्था कर दी गई है। वहीं बताया कि ग्राम देवरी के धर्माऊ तालाब की चादर अत्यधिक उफान पर होने की वजह से देवरी की भील बस्ती में भी पानी भर गया, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया है।

- **गांव में कई कच्चे मकान ऐसे थे, जिनमें रहने वाले लोगों के पास अन्य कोई व्यवस्था नहीं है**

बारिश के चलते शाहपुरा के ग्राम देवरी में एक के बाद एक पांच कच्चे मकान धराशाही हो गए।

राज्य होटल प्रबंध संस्थान, सवाई माधोपुर
StateInstituteofHotel Management
रामसिंहपुरा, सवाई माधोपुर, Ramsinghpura, Sawai Madhopur
राजस्थान-322027, Rajasthan - 322027
E-mail:sihmswm@gmail.com Phone No. 07462-294011
Ref:SIHM/Sawai Madhopur/2025/101 Date: 27.08.2025

E-Bid Notice

SIHM Sawai Madhopur under Department of Tourism, Govt. of Rajasthan invites e-Bid for the purchase of equipment and Furniture for the institute for FY 2025-26.

Bid Reference Number: SIHMSWM/2025-26/95 to 100/1-5

Bid Submission End Date & Time	Bid opening Date & Time	Approx. Bid value	Bid Document Fee	NIB Details/ UBN No.
08/09/2025, 2:00 PM	08/09/2025, 4:00 PM			
Name of Work				
Supply, Installation and Maintenance of Kitchen, Restaurant Equipment & Furniture (SS & MS)		75 Lakhs	Rs. 2000/-	TOU2526 A0020
Supply of Light Equipments for Kitchen, Restaurant & Other Laboratories		25 Lakhs	Rs. 1000/-	TOU2526 A0021
Supply and installation of Housekeeping Heavy & Light Equipments with Linen and furnishing items		25 Lakhs	Rs. 1000/-	TOU2526 A0022
Supply and Installation Maintenance of Furnitures for Classrooms, Offices and other Laboratories		30 Lakhs	Rs. 1000/-	TOU2526 A0023
Supply, Installation & Maintenance of Computers, Networking, CCTV and other appliances		40 Lakhs	Rs. 1000/-	TOU2526 A0024

Interested bidders eligible as per qualification criteria may submit their response to the Bid through e-procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in. The other details of tenders may be downloaded from official website of tourism department i.e. www.tourism.rajasthan.gov.in and for further enquiries contact on above address.

Principal/Member Secretary
(Anshul Kumar Singh)
Principal I/C/Member Secretary
DIPR/C/12335/2025

State Institute of Hotel Management
Village Narpura, Near Thermal Power Station, Dholpur (Raj.)
E-mail:-sihmdholpur@gmail.com, Mob. no: 9928746162
Ref: SIHMDHO/2025/Bid-1 to 5/122 Date: 27/08/2025

E-Bid Notice

SIHM Dholpur under Department of Tourism, Govt. of Rajasthan invites e-Bid for the purchase of equipment and Furniture for the institute for FY 2025-26.

Bid Reference Number: SIHMDholpur/2025/tender/95-99/1-5

Bid Submission End Date & Time	Bid opening Date & Time	Approx. Bid value	Bid Document Fee	NIB Details/ UBN No.
08/09/2025, 2:00 PM	08/09/2025, 4:00 PM			
Name of Work				
Supply, Installation and Maintenance of Kitchen, Restaurant Equipment & Furniture (SS & MS)		75 Lakhs	Rs. 2000/-	TOU2526 A0030
Supply of Light Equipments for Kitchen, Restaurant & Other Laboratories		25 Lakhs	Rs. 1000/-	TOU2526 A0031
Supply and installation of Housekeeping Heavy & Light Equipments with Linen and furnishing items		25 Lakhs	Rs. 1000/-	TOU2526 A0032
Supply and Installation Maintenance of Furnitures for Classrooms, Offices and other Laboratories		30 Lakhs	Rs. 1000/-	TOU2526 A0033
Supply, Installation&Maintenance of Computers, Networking, CCTV and other appliances		40 Lakhs	Rs. 1000/-	TOU2526 A0034

Interested bidders eligible as per qualification criteria may submit their response to the Bid through e-procurement portal www.eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in.The other details of tenders may bedownloaded from official website of tourism department i.e. www.tourism.rajasthan.gov.in and for further enquiries contact on above address.

DIPR/C/12333/2025 Principal/Member Secretary